
गंगरार

गंगरार। मेवाड़ विश्वविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भारती गहलोत, कृष्णा कुमारी, संगीता त्यागी थी। भारती गहलोत ने बताया कि प्रत्येक क्षेत्र में महिलाओं ने अपने देश का नाम रोशन किया है बस आवश्यकता उन्हें आगे बढ़ने का अवसर प्रदान करने की है। कृष्णा कुमारी ने कहा कि महिलाओं को सामान्य कानून की जानकारी होना अति आवश्यक है जिससे वे अपने मूल अधिकारों को जान पाये एवं समाज मे अन्य महिलाओं के हित मे कार्य कर सके । संगीता त्यागी ने परदे पर एक फिल्म के माध्यम से भ्रूण हत्या, दहेज प्रथा एवं पुत्र के जन्म को प्राथमिकता जैसी कुप्रथाओं पर प्रकाश डाला ।

किया। वहीं मेवाड़ विश्वविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर कार्यर्क्र म में मुख्य अतिथि भारती गहलोत सलाहकार, महिला सुरक्षा एवं सलाह केन्द्र, थाना चित्तौड़गढ़, कृष्णा कुमारी सेवानिवृत्त विधिवक्ता, लखनऊ एवं संगीता त्यागी उपस्थित थे। भारती गहलोत ने प्रसिद्ध महिलाओं कल्पना चांवला, लता मंगेशकर, मदर टेरेसा आदि के उदाहरण देकर बताया कि प्रत्येक क्षेत्र में महिलाओं ने अपने देश का नाम रोशन किया है। कृष्णा कुमारी ने कहा कि महिलाओं को सामान्य कानून की जानकारी होना आवश्यक है। संगीता त्यागी ने एक फिल्म के माध्यम से भ्रूण हत्या, दहेज प्रथा एवं पुत्र के जन्म को प्राथमिकता जैसी कुप्रथाओं पर प्रकाश डाला।